भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2474
दिनांक 11.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

महाराष्ट्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल आपूर्ति

2474 # डा. अजित माधवराव गोपछड़े:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्रीय सरकार द्वारा 2019 से जल जीवन मिशन (जेजेएम) को लागू किया गया है, ताकि देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पर्याप्त मात्रा के साथ नल के पानी की आपूर्ति का प्रावधान किया जा सके;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
ग) जल जीवन मिशन के अंतर्गत महाराष्ट्र में अब तक नांदेड जिला सहित घरों में नल से जल आपूर्ति पाने वाले परिवारों की जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) और (ख): पेयजल राज्य का विषय है। पेयजल आपूर्ति स्कीमों/परियोजनाओं की आयोजना, डिजाइन, अनुमोदन एवं कार्यान्वयन का अधिकार राज्य सरकार के पास है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों के प्रयासों में मदद करती है। भारत सरकार अगस्त 2019 से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी से जल जीवन मिशन कार्यान्वित कर रही है ताकि देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु नल जल आपूर्ति का प्रावधान किया जा सके। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी पेयजल आपूर्ति योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए वित्तीय, नीतिगत मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

जेजेएम के शुभारंभ के बाद से देश में ग्रामीण परिवारों की नल जल तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अगस्त 2019 में जेजेएम की शुरुआत के समय, केवल 3.23 करोड़ (16.71%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, 12.44 करोड़ से अधिक और

ग्रामीण परिवारों को जेजेएम के तहत नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 06.08.2025 तक, देश के 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 15.68 करोड़ (अर्थात 81%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

(ग): नांदेड़ जिले सहित महाराष्ट्र राज्य में, 06.08.2025 तक, जेजेएम के तहत नल जल आपूर्ति प्राप्त करने वाले परिवारों का जिला-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

***

अनुबंध

दिनांक 11.08.2025 को उत्तर हेतु नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2474 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

जिला	कुल परिवार	दिनांक 06.08.2025 तक, नल जल आपूर्ति वाले परिवार	प्रतिशत में
अहमदनगर	7,99,754	7,24,129	90.54
अकोला	2,48,458	2,22,418	89.52
अमरावती	4,32,311	4,27,924	98.99
बीड	4,72,732	3,65,017	77.21
भंडारा	2,56,684	2,24,775	87.50
बुलढाणा	4,48,293	4,27,402	95.34
चंद्रपुर	3,95,251	3,58,203	90.63
छत्रपति संभाजीनगर	4,88,084	4,23,213	86.71
धाराशिव	2,88,559	2,55,745	88.63
धुले	3,04,035	3,02,881	99.62
गढ़चिरौली	2,42,119	2,23,659	92.38
गोंदिया	3,07,730	2,53,074	82.24
हिंगोली	2,14,938	1,81,226	84.32
जलगांव	6,90,913	6,90,791	99.98
जालना	3,00,063	2,99,846	99.93
कोल्हापूर	6,84,162	6,82,867	99.81
लातूर	3,74,582	3,67,814	98.19
नागपुर	3,76,864	3,67,387	97.49
नांदेड़	**5,36,765**	**4,83,306**	**90.04**
नंदुरबार	3,62,721	2,44,712	67.47
नासिक	7,18,369	6,72,028	93.50
पालघर	4,52,043	3,17,553	70.25
प्रभाणी	2,99,744	2,59,374	86.53
पुणे	8,95,107	7,73,453	86.41
रायगढ़	5,48,620	4,98,107	90.79
रत्नागिरी	4,48,354	3,87,458	86.42
सांगली	4,59,048	4,04,620	88.14
सातारा	6,18,518	5,72,552	92.57
सिंधुदुर्ग	1,93,373	1,61,267	83.40
सोलापुर	5,77,245	5,76,668	99.90
ठाणे	2,61,275	1,97,704	75.67
वर्धा	2,38,877	2,35,501	98.59
वाशिम	2,20,115	2,00,356	91.02
यवतमाल	5,22,884	4,24,091	81.11

(स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस)

***